इमामी ने 'हेल्दी एण्ड टेस्टी' खाद्य तेलों की रेंज को दोबारा लॉन्च किया

कानपुर। इमामी एग्रोटेक लिमिटेड, अलग-अलग क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले कारोबारी समूह इमामी ग्रुप की ब्राण्डेड फूड बनाने वाली शाखा ने हेल्दी एण्ड टेस्टी को दोबारा लॉन्च किया है। हेल्दी एण्ड टेस्टी भारत में खाद्य तेल ब्राण्ड्स की प्रमुख और लोकप्रिय रेंज में से एक है।2010 में लॉन्च हुए इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी का पश्चिम बंगाल के बाजार में अग्रणी स्थान है और 2017 में राष्ट्रीय स्तर पर आने के बाद से यह उत्तर और पश्चिम भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहे ब्राण्ड्स में से एक है। इस रिलॉन्च के साथ, ब्राण्ड अगले 3-5 वर्षों में 5000 करोड़ रूपये का बिजनेस टर्नओवर हासिल करना चाहता है। इस रिलॉन्च के बारे में, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड में मार्केटिंग के प्रेसिडेंट श्री देबासिस भट्टाचार्य ने कहा, 'एक सफल ब्राण्ड को निरंतर विकास करना पड़ता है ताकि वे उपभोक्ताओं के बीच एकदम नया और प्रासंगिक बना रहे। उपभोक्ता की सयि पसंद के जवाब में एक ब्राण्ड के लिये सही जुड़ाव ढूंढना महत्वपूर्ण होता है। इसलिये हमारी नई पैकेजिंग का लुक स्मार्ट और मिनिम्लैस्टिक है, ताकि हम खुद को एक आधुनिक और प्रगतिशील ब्राण्ड के रूप में स्थापित कर सकें। हमारा मानना है कि अल्ट्रा लाइट सोयाबीन ऑयल के लॉन्च से इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी ब्राण्ड ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में सफल होगा।'

इस रिलॉन्च के तहत इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी ने अपने 4 वैरिएंट्स - मस्टर्ड, सोयाबीन, सनफ्लावर और राइस ब्रान के बिलकुल नये पैकेजिंग मेकओवर का अनावरण किया है, जिनका लुक काफी आधुनिक, सामयिक और मिनिम्लैस्टिक है। यह उन्हें खाद्य तेलों की कैटेगरी में अलग करता है। नये पैक्स की इमैजरी प्रीमियम होगी, जो कि भारत की जड़ों से जुड़े ब्राण्ड की स्वाभाविक पहचान बयां करेगी।ब्राण्ड ने एक्टर कैटरीना कैफ को अपना नेशनल ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाया है। सुपरस्टार एक्टर रवि किशन ब्राण्ड के मस्टर्ड ऑयल वैरिएंट के लिये एक अलग विज्ञापन में उनका साथ देंगे ।इनोवेशन और उत्कृष्टता के लिये अपनी निरंतर प्रयिा के तहत इमामी एग्रोटेक ने भारत में पहली बार 'अल्ट्रा लाइट' सोयाबीन ऑयल पेश किया है, जो कि सोयाबीन के तेल का सबसे लाइट वर्जन है। इसे कंपनी की आर एण्ड डी और टेक्निकल टीम ने वैश्विक प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की सहायता से सफलतापूर्वक विकसित किया है। उत्पादन की प्रयिा में इस्तेमाल हुई यूरोपीयन रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी इस तेल का रंग हल्का करती है, इसे कम चिपचिपा बनाती है और इसका अवशोषण कम करने देती है। इस प्रकार यह नये जमाने के स्वास्थ्य के प्रति सचेत उपभोक्ताओं के लिये एक ज्यादा सेहतमंद विकल्प है।ब्राण्ड अपनी मार्केटिंग विजिबिलटी को मजबूत बनाने के लिए टेलीविजन, प्रिंट, आउट ऑफ़ होम और डिजिटल माध्यम में निवेश करेगा ताकि अपनी श्रेणी में लोगों का सबसे ज्यादा समर्थन प्राप्त करे। अपने नये लुक में इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी प्रतिस्पर्धी कीमतों में पाउच, बॉटल्स और जार्स के विभिन्न आकारों के पैक में उपलब्ध होगा।